जल जीवन मिशन में ज़िला बुरहानपुर 'प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार' से सम्मानित

चर्चा में क्यों?

21 अप्रैल, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में सिविल सेवा दिवस पर गरिमापूर्ण समारोह में जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में देश में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले बुरहानपुर ज़िले को 'प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्का' से सम्मानित किया।

प्रमुख बिंदु

- बुरहानपुर ज़िले की कलेक्टर सुश्री भाव्या मित्तल ने प्रधानमंत्री के हाथों से यह पुरस्कार ग्रहण किया।
- बुरहानपुर ज़िले ने जल जीवन मिशन से हर घर में नल से शुद्ध पेयजल पहुँचाने की अभूतपूर्व और गौरवपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। बुरहानपुर को देश में पहला हर घर जल सर्टिफाइड ज़िला बनने का गौरव प्राप्त हुआ है।
- हर गाँव में पानी पहुँचाकर बुरहानपुर ने देश को एक नई दिशा दिखाई है। जल जीवन मिशन में अब तक प्रदेश के 51 लाख 15 हज़ार से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया गया है। सभी 254 गाँव में 'हर घर जल' योजना से पानी पहुँचाया जा रहा है।
- बुरहानपुर ज़िले में जल जीवन मिशन 'हर घर जल' योजना पंचायतों द्वारा संधारित और संचालित की जा रही है। प्रत्येक गाँव में जल स्वच्छता तदर्थ समिति गठित की गई है, जो योजना का संधारण और क्रियान्वयन करती है। सभी गाँव के वॉटरमेन और प्लंबर को विधिवत प्रशिक्षण दिया गया है।
- प्रशासन द्वारा पंचायतों में कौशल विकास के लिये 'नल जल प्रबंधन' पुस्तिका तैयार की गई है, जिसमें योजना के संचालन की विस्तृत जानकारी है।
- योजना में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा जल कर वसूली का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य से महिलाओं को रोज़गार मिला है, वहीं उनके परिवार की आर्थिक स्थिति भी बेहतर हुई है।
- पंचायतें, ग्रामीणों को भूमिगत जल-संरक्षण के लाभों के प्रति जागरूक करते हुए इसे सहेजने के तरीके बता रही हैं। शासन-प्रशासन के साथ आम लोगों की उत्साहपूर्वक भागीदारी से बुरहानपुर ज़िले ने देश में अपना परचम लहराया है।

under-jal-jeevan-mission